# कार्यालय नगर पंचायत पृथ्वीगंज ,जनपद–प्रतापगढ़

पत्रांक –74 / न0पं0पृथ्वीगंज / 2025–26

दिनांक :26 मई 2025

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

एतत्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पृथ्वीगंज, जनपद प्रतापगढ द्वारा निर्गत ई–निविदा के माध्यम से नगर पंचायत पृथ्वीगंज, प्रतापगढ के सीमान्तर्गत एम०आई०एस० आधारित कर सर्वेक्षण, प्रॉपर्टी यू० आई० डी० सिस्टम सॉफ्टवेयर मॉड्यूल आदि का कार्य सम्पादित किया जाना है। उक्त कार्यों हेतु ई–निविदा (तकनिकी एवं वित्तीय) वेबसाइट http://etender.up.nic.in द्वारा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की समस्त कार्यवाही http://etender.up.nic.in पर किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क की धनराशि (अप्रतिदेय) रूपये 2360.00 (जी० एस० टी० सहित) तथा धरोहर के रूप में रूपये 50000.00, (प्रतिदेय) नगर पंचायत की निम्नवत बैंक खाते में देय होगी, जिसकी प्राप्ति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगी। निविदा की विस्तृत जानकारी ई–निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

Account Holder.-: Nagar Panchayat Prithviganj

Account No.- : 50100738514610

IFSC- : HDFC0001915

| क्र0सं0 | ई–निविदा विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन तिथि व समय | 26.05.2025,सायं 6:00 |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि व समय | 26.05.2025, सायं 6:00 |
| 3 | ई–निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि व समय | 26.05.2025, सायं 6:00 |
| 4 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 06.06.2025, सायं 2:00 |
| 5 | तकनीकी ई–निविदा खोलने की तिथि व समय | 06.06.2025, सायं 3:00 |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा मूल्यांकन एवं स्वीकृति के उपरांत |

## कार्य विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि (Rs.) | निविदा प्रपत्र मूल्य (Rs.) | कार्य–अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत पृथ्वीगंज के सीमान्तर्गत एम० आई० एस० कर निर्धारण, पेमेंट गेटवे एवं सॉफ्टवेयर विकास से सम्बंधित कार्य | 50,000.00 | 2360.00 | 2 माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत पृथ्वीगंज,
प्रतापगढ़।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पृथ्वीगंज
प्रतापगढ़

नीलम
अध्यक्ष
नगर पंचायत पृथ्वीगंज
प्रतापगढ़।

अध्यक्ष
नगर पंचायत पृथ्वीगंज
प्रतापगढ़

# नियम व शर्तें (तकनीकी निविदा)

नीचे दी गई समस्त शर्तें/प्रपत्र की छायाप्रति निविदादाता द्वारा निविदा डालते समय अपलोड करना होगा।

1- फर्म/ठेकेदार को तकनीकी निविदा के साथ पूर्व में किये गये स्थानीय निकाय के अतिरिक्त किसी भी सरकारी या प्राईवेट संस्था में कार्य करने का अनुभव सम्बन्धित कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य है।

2- ठेकेदार/फर्म किसी भी राज्य की काली सूची में नहीं होना चाहिए।

3- निविदादाता फर्म का उत्तर प्रदेश में रजिस्टर्ड कार्यालय होना आवश्यक है।

4- निविदादाता फर्म का RCUES उत्तर प्रदेश में सूचीबद्ध होना होना आवश्यक है।

5- निविदादाता फर्म के पास साफ्टवेयर प्रोजेक्ट कार्यान्वित करने का अनुभव हो, जिसमें उस साफ्टवेयर में कम से कम 20,000 यूजर हो। सत्यापन के दौरान इसकी पुष्टि की जायेगी।

6- निविदादाता फर्म के पास कम से कम एक मोबाईल एप निर्माण करने का अनुभव हो जिसमें न्यूनतम 2,000 यूजर पंजीकृत हो।

7- निविदादाता फर्म के पास डाटा विजुअलाईजेशन एवं डाटा विश्लेषण सम्बन्धी प्रोजेक्ट कार्यान्वित करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो।

8- निविदादाता फर्म को कम से कम एक नोडल एजेंसी में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

9- निविदादाता फर्म के पास इस प्रोजेक्ट से सम्बन्धित साफ्टवेयर डेवलपमेंट टीम में कम से कम दो साफ्टवेयर इंजिनियर हों, जिनके पास क्लाउड बेस्ड एप्लीकेशन बनाने का 5 वर्ष से अधिक का अनुभव हो।

10- निविदादाता फर्म को I.S.O. 9001:2015 से प्रमाणित होना अनिवार्य है।

11- निविदादाता फर्म के पास प्रोजेक्ट से सम्बन्धित साफ्टवेयर डेवलपमेंट टीम में कम से कम दो साफ्टवेयर इंजीनियर हों, जिनके पास कम्प्यूटर साइंस में मास्टर्स की डिग्री हो।

12- निविदादाता फर्म के पास प्रोजेक्ट से सम्बन्धित साफ्टवेयर डेवलपमेंट टीम में कम से कम एक प्रोजेक्ट मैनेजर हो, जिसके पास तकनीकी प्रबन्धन में मास्टर्स की डिग्री हो।

13- निविदादाता फर्म के पास प्रोजेक्ट से सम्बन्धित साफ्टवेयर डेवलपमेंट टीम में कम से कम एक प्रोजेक्ट मैनेजर होना अनिवार्य है, जिनके पास डाटा प्राईवेसी फ्रेमवर्क, जैसे सामान्य डाटा संरक्षण नियम (जी0डी0पी0आर0) एवं समान तकनीकी क्षेत्र में सार्टिफिकेशन हो। ऐप से सम्बन्धित डाटा गोपनीयता एवं डाटा सुरक्षा की विधि तकनीकी रूप से उच्चतम कोटि के मापदंडों को पूर्ण करती हो।

14- निविदादाता फर्म यदि एक स्टार्ट अप है तो उसका स्टार्ट अप इंडिया/डी0आई0पी0पी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

15- निविदादाता फर्म के पास क्लाउड बेस्ड सर्वर ए0डब्ल्यू0एस0 टेक्नांलाजी के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर कम से कम तीन साफ्टवेयर प्रोजेक्ट कार्यान्वित करने का अनुभव होना अनिवार्य है। यह कार्य सरकारी या निजी संस्था किसी के भी साथ किया गया हो।

16- निविदादाता को कम से कम 2 कार्यादेश संलग्न करने होंगे जिनकी प्रत्येक की धनराशि रूपये 20 लाख से कम की न हो।

17- निविदादाता द्वारा निम्नांकित प्रपत्र भी आनलाइन निविदा भरते समय पोर्टल पर अपलोड किया जाना आवश्यक है :–

- बिड सिक्योरिटी अनुमन्य निर्धारित धरोहर धनराशि की जमा पुष्टि रसीद की स्कैन कापी।
- जी0एस0टी0 विभाग का पंजीकरण एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आई0एस0ओ0) प्रमाण पत्र।
- निविदादाता द्वारा ई0पी0एफ0ओ0 और ई0एस0आई0सी0 प्रमाण पत्र यदि हो।
- निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्षों में आयकर की भरी गयी रिटर्न की प्रति।
- पैन कार्ड एवं अद्यतन इनकम टैक्स रिटर्न।

18- अर्नेस्ट मनी व निविदा प्रपत्र मूल्य का प्रमाण जो कि अधिशाषी अधिकारी के नाम बंधक करना होगा, की स्कैन कापी अपलोड करनी होगी। निविदा के साथ अपलोड किये गये प्रमाण की तकनीकी जांच में भिन्नता पाए जाने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

19- निविदा स्वीकृति की दशा में सम्बन्धित निविदादाता द्वारा नगर पंचायत कार्यालय के अनुबंध पपत्र पर अनुबन्ध की औपचारिकताएं पूर्ण करनी होगी।

20- वेबसाइट में अपलोड BOQ में GST की दर सम्मिलित नहीं है एवं जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।

21- प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश संख्या 609/नौ–9–2007–249/दिनांक 26-02-2007 में दिये गये नियमों व शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा तथा मु0 100/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

22- आयकर एवं जी0एस0टी0 के साथ अन्य सभी देयों की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार की होगी।

23- निविदादाता द्वारा निविदा खुलने की तिथि से पूर्व निविदा के समस्त दस्तावेज बन्द लिफाफे में कार्यालय में तकनीकी मिलान/जांच हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

24- निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

25- विस्तृत विवरण व शर्तें http://etender.up.nlc.in पर में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्य को पूर्ण करने में दर्शायी गयी है।

26- निविदा की शर्तों आनलाइन उपलबध हैं जो http://etender.up.nlc.in पर ही डाउनलोड व अपलोड की जायेगी।

27- निविदादाता केवल आनलाइन प्रक्रिया द्वारा इस बिड में शामिल हो सकता है, आफलाइन प्रक्रिया द्वारा किसी भी दशा में शामिल नहीं किया जायेगा।

28- विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोले व निविदा डाउनलोड करें। आनलाइन निविदा डाले जाने हेतु निविदादाता के पास डिजिटल सर्टिफिकेट अर्थारिटी द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट का होना तथा उक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

29- निविदादाता को कार्य सम्बन्धित विभाग की अध्यावधि विशिष्टियों के अनुसार पूर्ण करना होगा।

30- निविदादाता/फर्म का 03 वर्ष का औसत टर्नओवर न्यूनतम 50 लाख होना अनिवार्य है। आडिटेड बैलेन्स शीट संलग्न करें।

31- तकनिकी निविदा मूल्यांकन में आवश्यकता होने पर संस्थाओं को तकनिकी प्रस्तुतीकरण लिया जा सकता है प्रस्तुतीकरण में संतुष्टि न होने पर संबंधित फर्म की वित्तीय निविदा नहीं खोली जाएगी।

32- उपलब्ध कराये गये प्रारूप पूर्णतः सत्य एवं सटीक होने चाहिए।

33- प्राप्त कराये गये डाटा का सत्यापन सक्षम अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कराया जायेगा।

34- डाटा सत्यापन उपरान्त साफ्टवेयर पर डाटा फीडिंग कराते हुए बिल जनरेशन का कार्य निविदादाता को करना होगा।

35- यदि सत्यापन में प्राप्त कराये गये डाटा तथा मौके की स्थिति में भिन्नता पायी जाती है तो उसके लिए एजेन्सी उत्तरदायी होगी।

36- सर्वे में कोई भी आवासीय/व्यावसायिक/संस्थागत इत्यादि भवन छूटना नहीं चाहिए।

37- सर्वे में किसी भी तरह की समस्या आने पर कार्यालय द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा।

38- निविदा प्रपत्र एवं कोई भी जानकारी के लिये सम्बन्धित कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

39- विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय में कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना आनलाईन नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करा दी जायेगी। निविदा की प्रक्रिया आनलाईन शुरू होने के पश्चात् किसी भी लाट के सम्बन्ध में समस्त अग्रिम कार्यवाही सिर्फ आनलाइन होगी, प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा की प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात् आनलाईन निविदा के सम्बन्ध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि पत्र की जानकारी प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

40- प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रों का पहले यह निरीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता द्वारा निर्धारित प्रतिभूति, धनराशि एवं सभी प्रपत्र पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर सहित ठीक–ठीक उपलब्ध कराये गये हैं या नहीं, इनमें किसी प्रकार की कमी या असन्तोषजनक होने की स्थिति में निविदादाता के बिड को अनुत्तरदायी मानते हुए कोई विचार नहीं किया जायेगा।

41- निविदा मूल्यांकन के दौरान संदेह होने पर तकनिकी प्रस्तुतीकरण लिया जा सकता है। प्रस्तुतीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर निविदाकर्ता तकनिकी रूप से अन्हर्य होगा तथा उसकी वित्तीय बिड नहीं खोली जाएगी।

42- कार्य किसी भी अन्य को हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा, निविदा स्वीकृति के बाद यदि हस्तांतरित की स्थिति पायी जाती है, तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।

43- किसी विवाद की दशा में अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष, का निर्णय अन्तिम होगा जो उभयपक्ष को मान्य होगा।

44- निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

45- निविदादाता समय–समय पर जारी होने वाले शासनादेशों का अनुपालन करने के लिये बाध्य होगा।

46- कार्य पर निविदादाता जिन व्यक्तियों को रखेगा, उनके विरूद्ध कोई कानूनी कार्यवाही आदि लम्बित न हो तथा उसकी आयु 18 वर्ष से कम न हो एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग न हो।

47- उपलब्ध कराये गये व्यक्ति, कार्यालय के निर्देशानुसार स्थल पर सर्वेक्षण कार्य तथा अन्य सम्बन्धित कार्य सम्पन्न करेंगे।

48- निविदा प्रपत्र में उल्लिखित शर्तों में अनुबन्ध के समय आवश्यक्तानुसार संशोधन किया जा सकता है।

49- किसी भी दैवीय आपदा अथवा किसी अन्य प्रकार से हुई दुर्घटना के कारण यदि ठेकेदार या उसके लगाये गये किसी व्यक्ति के साथ कोई दुर्घटना होती है तो उसके लिये कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

50- यदि निविदादाता कार्य बीच में छोड़ता है तो उसकी धरोहर धनराशि व किये कार्य की अवशेष धनराशि निकाय पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।

51- निविदा/अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होने/किसी भी विवाद की स्थिति में अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष का निर्णय मान्य होगा।

52- निविदा खुलने से पहले आचार संहिता प्रारम्भ होती है तो निविदा आचार संहिता समाप्त होने के उपरान्त ही खोली जायेगी।

53- निविदादाता अपनी निविदा में किसी शासकीय कर को स्पष्ट नहीं करता है तो स्पष्ट न किये जाने वाले करों की अदायगी के लिये सम्बन्धित निविदादाता स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पृथ्वीगंज
प्रतापगढ

नीलम
अध्यक्ष
नगर पंचायत पृथ्वीगंज
प्रतापगढ